महत्वपूर्ण एवं खास

लूट की नीयत से चेहरे पर स्प्रे छिड़क कर भागे बदमाश

रायपुर (आरएनएस)। बैरनबाजार स्थित एबीस एक्सपोर्ट इंडिया ऑफिस में अज्ञात चार युवकों ने लूट के उद्देश्य से प्रवेश कर प्रार्थी के चेहरा पर स्प्रे छिडक़र भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नवेद ईकबाल सिद्दकी 57 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि कल दोपहहर अज्ञात 4 युवकों ने प्रार्थी के बैरनबाजार स्थित एबीस एक्स्पोर्ट इंडिया ऑफिस में पहुंचे और कहा कि हम कलेक्शन का्ा रकम देने आए है कहकर अपन पास रखे कागज का बंडल को दिखाया। जिसके बाद आरोपियों ने अपने जेब से स्प्रे निकालकर प्रार्थी के चेहरे पर छिडक़ दिया। प्रार्थी द्वारा शोर मचाने पर चारों आरोपी भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

लोन दिलाने का झांसा देकर सवा तीन लाख की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। 5 करोड़ रुपए लोन दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 25 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभय काले 51 वर्ष दंतेश्वरी एजेंसी नाम से ऑफिस है। बताया जाता है कि आरएसडी अल्फा फाइनेंस कंपनी का डायरेक्टर आरोपी रविशंकर दुबे ने प्रार्थी को 5 करोड़ रुपए का लोन दिलाने के नाम पर 3 लाख 25 हजार रुपए ऐंठ लिया। जब लोन नहीं दिला पाया तो प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा। आरोपी द्वारा टाल मटोल करने पर प्रार्थी ने मामले की शिकायत देवेन्द्र नगर थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रेप और मर्डर के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। जिले के अकलतरा पुलिस ने युवती के मर्डर केस को सुलझा लिया है. यहां के अकलतरा के पोड़ी भाठा गांव में युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी. अकलतरा पुलिस ने आरोपी सूरज भोई को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक सूरज भोई आदतन अपराधी है. उसने तीन जुलाई की रात महिला के घर में घुसकर रेप की वारदात को अंजाम दिया था. महिला के विरोध करने पर आरोपी सूरज ने महिला के गुप्तांग पर तवे से हमला किया. उसके बाद उसने पीड़िता की उसने गला दबाकर हत्या कर दी. सूरज ने पीड़िता के यहां से चांदी की चूड़ी की चोरी भी की. पुलिस इस मामले में फॉरेंसिक जांच भी कर रही है. महिला के हाथ में आरोपी के बाल का नमूना मिला था. जिसे पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है।

तेज रफ्तार बस पलटी,एक दर्जन यात्री हुए घायल

अम्बिकापुर (आरएनएस)। अम्बिकापुर में दर्दनाक हादसा हो गया, एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हो गए है। यात्री बस बतौली से अम्बिकापुर जा रही थी। उसी दौरान ग्राम पंचायत कंठी के मेन सडक़ में अनियंत्रित होकर पलट गई। राहगिरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची 108 से सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं दरिमा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

10 किलो गांजा और तस्करी में प्रयुक्त बाइक बरामद

महासमुंद (आरएनएस)। बसना पुलिस ने रविवार को पदमपुर ओडिशा रोड परसकोल चौक के पास कांटापाली थाना देवगांव जिला बलांगीर ओडिशा निवासी भीखा बारीक (27) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 10 किलो गांजा और तस्करी में प्रयुक्त बाइक पुलिस ने जब्त कर ली है। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर बाइक क्रमांक ओडी 03 आर 2480 से आरोपी युवक गांजा लेकर ओडिशा पदमपुर मार्ग से गांजा लेकर बसना की ओर आ रहा था। पुलिस ने तलाशी के दौरान 10 किलो गांजा बरामद की।

मौसम विभाग ने दी चेतावनी : आज से आठ तक कई स्थानों पर हो सकती हैं भारी बारिश

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में आज से 8 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दरअसल, उत्तरी छत्तीसगढ़ में बने कम दबाव की वजह से यह बारिश का सिस्टम बना है। आज कुछ जगहों पर अतिभारी बारिश हो सकती है। खासकर उत्तरी और दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में 24 घंटे के दौरान 115.6 से 204.4 मिमी तक पानी बरस सकता है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के लिए सरगुजा व बिलासपुर संभाग के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। इससे यहां अति भारी वर्षा हो सकती हैं।

लालपुर मौसम केंद्र के अनुसार उत्तरी ओडिशा, झारखंड, गंगेटिक और पश्चिम बंगाल के आसपास एक कम दबाव का क्षेत्र बना। सोमवार दोपहर तक यह उत्तरी छत्तीसगढ़ और आसपास सक्रिय हो गया। यह कल तक प्रभावी रहेगा। इस वजह से आज कुछ जगहों पर अतिभारी बारिश की संभावना है। कम दबाव का असर कमजोर पडऩे पर बारिश में कमी आएगी, लेकिन समुद्र से आ रही नमी की वजह से अगले दो-तीन दिनों तक प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बनीं रहेंगी। पिछले 24 घंटे यानी रविवार-सोमवार की रात बिलासपुर और बस्तर संभाग के 15 केंद्रों पर भारी से अति भारी बरसात रिकॉर्ड की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटों में प्रदेश के सरगुजा और बिलासपुर संभागों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी से अति भारी वर्षा होने तथा बिजली गिरने की संभावना है। रायपुर और दुर्ग संभागों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा हो सकती है।

छत्तीसगढ़ में अब तक 193.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 193.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज पांच जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार जांजगीर चांपा जिले में सर्वाधिक 321.6 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 107.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 112.5 मिमी, सूरजपुर में 165.0 मिमी, जशपुर में 108.6 मिमी, कोरिया में 190.0 मिमी, रायपुर में 116.5 मिमी, बलौदाबाजार में 193.6 मिमी, गरियाबंद में 234.5 मिमी, महासमुंद में 194.0 मिमी, धमतरी में 176.8 मिमी, बिलासपुर में 205.9 मिमी, मुंगेली में 251.0 मिमी, रायगढ़ में 204.3 मिमी, कोरबा में 176.3 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 287.6 मिमी, दुर्ग में 166.5 मिमी, कबीरधाम में 187.0 मिमी, राजनांदगांव में 217.0 मिमी, बालोद में 256.5 मिमी, बेमेतरा में 155.9 मिमी, बस्तर में 204.8 मिमी, कोण्डागांव में 168.7 मिमी, कांकेर में 167.5 मिमी, नारायणपुर में 193.5 मिमी, दंतेवाड़ा में 175.7 मिमी, सुकमा में 161.4 मिमी और बीजापुर में 302.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों के लिए लांच किया सी-मार्ट मेम्बरशीप कार्ड

- कार्ड के माध्यम से डिस्काउंट रेट पर उपलब्ध होगी सी-मार्ट में मौजूद उत्पाद
- महिला समूहों द्वारा निर्मित एलईडी बल्ब, हवाई चप्पल, आचार, पापड आदि 250 प्रकार के उत्पाद सी-मार्ट में उपलब्ध

कोरबा (आरएनएस)। कलेक्टर संजीव झा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सी मार्ट मेम्बरशीप कार्ड लांच किया। मेम्बरशीप कार्ड से सी मार्ट में खरीदी के दौरान अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। कार्डधारी अधिकारी कर्मचारियों को वर्तमान ऑफर के अलावा तीन प्रतिशत का अतिरिक्त छूट प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, डीएफओ कोरबा प्रियंका पाण्डेय, डीएफओ कटघोरा प्रेमलता यादव को सी मार्ट मेम्बरशीप कार्ड प्रदान कर अधिक से अधिक खरीदी कर महिला समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। कलेक्टर झा को जिला पंचायत सीईओ कंवर ने उनके नाम से बनाये गये मेम्बरशीप कार्ड को प्रदान किया। कलेक्टर झा ने कहा कि महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित स्थानीय सामान कम कीमत पर सी मार्ट में उपलब्ध है। महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पाद आसानी से एक ही जगह पर उपलब्ध है। उन्होने सी मार्ट मे जाकर उत्पादों की खरीदी करके महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में पहल करने की अपील भी की।

एनआरएलएम के जिला प्रबंधक अनुराग जैन ने बताया कि शहर में स्थापित सी मार्ट का संचालन पीपीपी मॉडल के तहत् किया जा रहा है। सी-मार्ट में महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री पर समूहों को सुनिश्चित लाभ होगा। कोरबा शहर के टीपी नगर में स्थापित सी-मार्ट सुपर मार्केट की तर्ज पर पूरी तरह वातानुकूलित है। इसमें कम्प्यूटराइज्ड दो बिलिंग काउंटर बनाये गये है। सी-मार्ट में उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पाद बाजार भाव से कम दर पर उपलब्ध है। साथ ही पारंपरिक एवं स्थानीय उत्पादों को बढावा दिया गया है। जिले की महिला समूहों द्वारा बनाये गये हवाई चप्पल तथा एलईडी बल्ब भी कम कीमत पर सी-मार्ट में उपलब्ध है। सी-मार्ट में 250 से अधिक प्रकार के उत्पाद उपलब्ध है। इनमें नीम का साबुन, सेनेटरी पेड, डिसवॉस, हल्दी, मिर्ची, धनिया पाउडर, मसाले, काजू, नमकीन, चना, आटा, बेसन, जीरा फूल चांवल आदि शामिल है। सी-मार्ट में जिले में कार्यरत स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पाद तथा स्थानीय उत्पाद सुपर मार्केट के रूप में एक ही छत के नीचे नागरिकों के खरीदी के लिए उपलब्ध है। समूहों द्वारा बनाए जा रहे स्थानीय उत्पाद जैसे अचार, पापड़, मसाले, महुआ के उत्पाद, अगरबत्ती, काजू, डेली नीड के समान, साबुन, फिनॉइल, हाइजीन प्रोडक्ट्स, सेनेटरी नैपकीन, वनोपज से निर्मित उत्पाद, अश्वगंधा चूर्ण, गिलोय, मुलेठी जैसे वन औषधि , एलोवेरा, आमला, महुआ लड्डू आदि से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी सी मार्ट में उपलब्ध है। साथ ही शिल्पकारों, बुनकरों, दस्तकरों, कुम्भकरों और अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पाद भी बिक्री के लिए उपलब्ध है।

लकड़ी निकालने गया था युवक करंजी नाला में बहा,शव बरामद

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मानसून की बारिश के कारण नदी नालों में पानी का तेज बहाव शुरू हो गया है। सोमवार की सुबह पामगढ़ के ग्राम पनगांव में स्थित कंजीनाला में लकड़ी निकालने गए एक युवक और किशोर पानी के तेज बहाव में बह गए थे। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह किशोर को बाहर निकाल लिया गया था। मगर युवक का पता नहीं चल रहा था। नगरसेना और एसडीआरएफ की टीम तलाश कर रही थी। 24 घन्टे बाद मंगलवार की सुबह लापता युवक का शव नाला से 200 मीटर दूर में मिला। रविवार की रात क्षेत्र में जमकर वर्षा होने से कंजीनाला उफान पर आ गया था। इसके चलते लकडिय़ां नाले में बहकर आ रही थी। सोमवार की सुबह 8:30 बजे पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पनगांव निवासी उमेश यादव (17) पिता मिठाईलाल यादव और सेमन्त यादव (21) पिता लालाराम यादव नाला में बह कर आई लकड़ी को निकालने के लिए गए थे। नाले के तेज बहाव में दोनों युवक बह गए। इसके बाद वे दोनों एनिकट में जाकर फंस गए । दोनों ने आसपास मौजूद ग्रामीणों को बचाव के लिए आवाज लगाई। ग्रामीण बचाव करने के लिए पहुंचे। ग्रामीणों ने किसी तरह उमेश यादव को तो बाहर निकाल लिया। इसी दौरान अचानक सेमन्त यादव का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया और पानी के तेज बहाव में बह गया।

वृक्षारोपण का महा अभियान 16 से, तीन लाख पौधे रोपने का लक्ष्य

रायपुर (आरएनएस)। अपनी पहली समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने शासकीय कार्यक्रमों और विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए ज़िले में वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारियाँ करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने ज़िले में वृक्षारोपण महा अभियान के लिए पौधों की उपलब्धता. भूमि का चयन आदि तैयारियाँ अगले एक सप्ताह में पूरी करने के निर्देश दिए। ज़िले में एक साथ 16 जुलाई को पेड़ लगाने का अभियान होगा। इस अभियान में पूरे ज़िले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग तीन लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस बार वृक्षारोपण महा अभियान में शासकीय अधिकारियों से लेकर आम जन्ो की भी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। शासकीय कार्यालयों में पौधों की उपलब्धता के के लिए वितरण स्टाल बनेंगे। आमजन इन दफ़्तरों से पौधें लेकर अपने घरों और चिह्नांकित ज़मीन पर लगा सकेंगे। वृक्षारोपण के लिए जन जागरूकता और पेड़ लगाने के लिए पार्षदों, सरपंचों सहित जनप्रतिनिधियों और समाज सेवी संस्थाओं की भी मदद ली जाएगी। सभी सरकारी कार्यालयों में भी उपलब्ध जमीन पर पौधे लगाए जाएँगे। नगर निगम रायपुर द्वारा तेलिबांधा से टाटीबंध तक सडक़ के बीच उपलब्ध डिवाइडर पर भी पौधें लगाए जाएँगे। कलेक्टर डॉ भुरे के निर्देश पर इस बार उपयोगिता और स्थान के अनुसार पौधे लगाए जाएँगे। सरकारी भवनों, स्कूलों, रिहायशी इलाक़ों में फलदार- छायादार पेड़ लगेंगे तो सडक़ किनारे और डिवाइडर्स पर प्रदूषण शोषक पेड़ लगाए जाएँगे।

रजगामार माइंस में हादसा: बंकर गिरने से एक की मौत, चार फंसे

कोरबा (आरएनएस)। साउथ इस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड के कोरबा क्षेत्र की रजगामार माइंस में आज दोपहर गंभीर हादसा हो गया। बंकर गिरने की घटना में एक कर्मचारी की मौत हो गई। जबकि चार लोगों के मौके पर फंसने की खबर है। इस बारे में कई तरह के दावे किये जा रहे हैं। सीजीएम सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। स्थानीय पुलिस को भी मामले से अवगत कराया गया है।

जानकारी के अनुसार आज दोपहर 12 बजे के आसपास एसईसीएल की रजगामार 4-5 माइंस के बंकर में इस हादसे की खबर मिली। पहली पाली में यहां पर कोयला को

बंकर से गिराने का काम चल रहा था। बंकर के नीचे वाहन और कुछ लोग मौजूद थे। कन्वेयर बेल्ट के जरिये हापर से बंकर तक कोयला आने के साथ अगली व्यवस्था में नीचे गिरता है। बताया गया कि घटना के दौरान कोयला के साथ वजनी पत्थर यहां पर पहुंचा था, जो नीचे जा गिरा। इस दौरान बंकर का एक हिस्सा धराशाही होने के साथ वाहन पर जा गिरा। एसईसीएल के पंप सेशन में काम करने वाला राधेश्याम नामक कर्मचारी चपेट में आ गया। इसके नतीजन वह बूरी तरह से ज•मी हो गया। इसकी सांस उखडऩे की जानकारी मिली है। जबकि चार लोगों के मौके पर फसने की सूचना प्राप्त हुई। घटना होने से अगले क्षण तक यहां पर लगातार कोयला गिरने से ऐसे हालात निर्मित हुए। इससे पूर्व बचाव के लिए आवाज दिए जाने के साथ यहां अफरा तफरी स्थिति निर्मित हो गई। कुछ देर बाद बंकर की कार्यप्रणाली पर ब्रेक लगाया गया। इस समय तक यहां एसईसीएल कर्मी और स्थानीय पुलिस सहित वरिष्ठ अधिकारी आ जुटे थे। खबर मिलने पर एसईसीएल का स्थानीय प्रबंधन सते में आ गया। कोरबा से भी अधिकारियों की टीम रजगामार पहुंची, जिनके द्वारा हालात का जायजा लिया जा रहा है। घटना चूंकि माइंस क्षेत्र में हुई है, इसलिए डीजीएमएस को इस संबंध में अवगत कराया जाना लाजिमी हो गया है। कई श्रमिक संगठनों ने हादसे को लेकर आक्रोश और चिंता जतायी है।

प्रदेश में 27 जून से 24 जुलाई तक मनाया जा रहा है परिवार नियोजन पखवाड़ा

- लोगों को नसबंदी के लिए किया जा रहा जागरूक
- पिछले 5 वर्षों में 2.6 लाख महिलाओं एवं 26.5 हजार पुरुषों की नसबंदी

रायपुर (आरएनएस)। परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 27 जून से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा (परिवार नियोजन पखवाड़ा) चलाया जा रहा है। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर पुरूष एवं महिला नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता और भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है। पखवाड़े के प्रथम चरण में 27 जून से 10 जुलाई तक ए.एन.एम. एवं मितानिनों द्वारा गृह भ्रमण कर चिन्हांकित हितग्राहियों को स्थायी व अस्थायी परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। पखवाड़े के दूसरे चरण में 11 जुलाई से 27 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा जिसमें हितग्राहियों को परामर्श और परिवार नियोजन सेवायें प्रदान की जाएंगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में परिवार कल्याण के उप संचालक डॉ. टी.के. टोंडर ने बताया कि देश की बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है। इसके लिए सबको जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में दो लाख 59 हजार 985 महिलाओं और 26 हजार 510 पुरूषों की नसबंदी की गई है। वर्ष 2017-18 में 53 हजार 236 महिलाओं एवं 7119 पुरुषों, 2018-19 में 61 हजार 342 महिलाओं एवं 5361 पुरुषों, 2019-20 में 59 हजार 991 महिलाओं एवं 6775 पुरुषों, 2020-21 में 28 हजार 159 महिलाओं एवं 2826 पुरुषों तथा 2021-22 में 57 हजार 257 महिलाओं एवं 4429 पुरुषों का नसबंदी ऑपरेशन किया गया है।

डॉ. टोंडर ने बताया की रायपुर जिले में बीते चार वर्षों में 41 हजार 343 महिलाओं एवं 2264 पुरुषों की नसबंदी की गई है। इस दौरान वर्ष 2018-19 में 9720 महिलाओं एवं 460 पुरुषों, 2019-20 में 9674 महिलाओं एवं 694 पुरुषों, 2020-21 में 8827 महिलाओं एवं 376 पुरुषों तथा 2021-22 में 13 हजार 122 महिलाओं एवं 734 पुरुषों का नसबंदी ऑपरेशन किया गया।

डॉ. टोंडर ने बताया कि कोरोना महामारी संक्रमण के कारण नसबंदी आपरेशन में कुछ कमी आई थी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

संतों के चातुर्मासिक सत्संग के लिए तैयार हो रहा विशाल पंडाल

- 30 हजार स्क्वेयर फीट में बन रहा वाटर प्रूफ पंडाल
- 5 हजार से ज्यादा लोगों की रहेगी बैठक व्यवस्था

रायपुर (आरएनएस)। चातुर्मास की घड़ी अब बहुत नजदीक आ चुकी है। कुछ ही दिनों में प्रदेश सहित पूरे शहर के लोग एक नए उमंग के साथ अपना दिन और समय व्यतीत करेंगे। चूंकि इस बार शहर में एक बड़ा ही ऐतिहासिक चातुर्मास होने जा रहा है इसलिए इसकी तैयारी भी उस हिसाब से की जा रही है। ऋषभदेव जैन मंदिर ट्रस्ट और दिव्य चातुर्मास समिति के पदाधिकारी मिलकर उच्च कोटि की व्यवस्था करने दिन-रात लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार दोनों संत कल बुधवार को दुर्ग से विहार करेंगे इसके बाद वैशाली नगर भिलाई , कैवल्यधाम और फिर अपने अंतिम पड़ाव की ओर उनका पद विहार होगा।

दिव्य चातुर्मास समिति के अध्यक्ष तिलोकचंद बरडिय़ा, महासचिव पारस पारख व प्रशांत तालेड़ा ने बताया कि आउटडोर

स्टेडियम परिसर में 10 जुलाई से प्रवचन होना है। इसके लिए पंडाल व्यवस्था समिति एवं अन्य समिति के प्रभारियों की देखरेख में पंडाल निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। राष्ट्रसंत ललितप्रभ सागर जी एवं डॉ. शांतिप्रिय सागर जी की दिव्य वाणी से जीवन जीने की कला पर आधारित कल्याणकारी प्रवचनों का श्रवण करने सर्व धर्म के श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में यहां प्रतिदिन पहुंचेंगे. इसे देखते हुए लगभग 5000 लोगों के बैठने की व्यवस्था के आधार पर करीब 30 हजार स्क्वेयर फीट एरिया में वाटर प्रूफ पंडाल तैयार कराया जा रहा है। इसके अलावा यहां एक वीआईपी लाउन्ज सहित अन्य जरूरी सुविधाएं जैसे- पीने का पानी, टॉयलेट आदि की व्यवस्था भी रहेगी।

राष्ट्रसंत ललितप्रभ सागरजी 6 को वैशाली नगर, 7 को भिलाई-3 और 8 को कैवल्य धाम पधारेंगे- उन्होंने बताया कि राष्ट्रसंत ललितप्रभ सागरजी एवं डॉ. शांतिप्रिय सागरजी महाराज बुधवार सुबह दुर्ग से भिलाई की ओर विहार करेंगे। 6 जुलाई को वैशाली नगर, 7 जुलाई को भिलाई-3 में एक दिवसीय प्रवचन और रात्रि विश्राम के पश्चात् वे 8 जुलाई को कुम्हारी स्थित कैवल्य धाम में पधारेंगे। इसके बाद उनका पद विहार रायपुर जैन दादाबाड़ी के लिए होगा। 10 जुलाई को शहर में उनका भव्य प्रवेश आयोजित किया गया है।